Series : ZXW4Y

SET~2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **65/4/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# गणित
# MATHEMATICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं। | (I) Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **38** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. # |

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* **खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **1** अंक के प्रश्न हैं।

*(iv)* **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **2** अंकों के प्रश्न हैं।

*(v)* **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **3** अंकों के प्रश्न हैं।

*(vi)* **खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **5** अंकों के प्रश्न हैं।

*(vii)* **खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **4** अंकों के प्रश्न हैं।

*(viii)* प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 3 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 2 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है।

*(ix)* कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है।

## खण्ड क

*इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

**1.** $\cos^{-1} x$ की मुख्य शाखा है :

(A) $\left[\frac{\pi}{2}, \frac{3\pi}{2}\right]$ (B) $[\pi, 2\pi]$

(C) $[0, \pi]$ (D) $[2\pi, 3\pi]$

**2.** $\lambda$ के वे मान जिनके लिए $f(x) = \sin x - \cos x - \lambda x + C$, x के सभी वास्तविक मानों के लिए ह्रासमान है, हैं :

(A) $1 < \lambda < \sqrt{2}$ (B) $\lambda \geq 1$

(C) $\lambda \geq \sqrt{2}$ (D) $\lambda < 1$

**3.** यदि A तथा B समान कोटि के वर्ग आव्यूह हैं तथा AB = A तथा BA = B है, तो $A^2 + B^2$ बराबर है :

(A) A + B (B) BA

(C) 2 (A + B) (D) 2BA

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A,** Questions no. **1** to **18** are multiple choice questions (MCQs) and questions number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B,** Questions no. **21** to **25** are very short answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* *In **Section C,** Questions no. **26** to **31** are short answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

*(vi)* *In **Section D,** Questions no. **32** to **35** are long answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

*(vii)* *In **Section E,** Questions no. **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 3 questions in Section C, 2 questions in Section D and 2 questions in Section E.*

*(ix)* *Use of calculator is **not** allowed.*

## SECTION A

*This section comprises multiple choice questions (MCQs) of 1 mark each.*

**1.** The principal branch of $\cos^{-1} x$ is :

(A) $\left[\frac{\pi}{2}, \frac{3\pi}{2}\right]$

(B) $[\pi, 2\pi]$

(C) $[0, \pi]$

(D) $[2\pi, 3\pi]$

**2.** The values of $\lambda$ so that $f(x) = \sin x - \cos x - \lambda x + C$ decreases for all real values of x are :

(A) $1 < \lambda < \sqrt{2}$

(B) $\lambda \geq 1$

(C) $\lambda \geq \sqrt{2}$

(D) $\lambda < 1$

**3.** If A and B are square matrices of same order such that AB = A and BA = B, then $A^2 + B^2$ is equal to :

(A) A + B

(B) BA

(C) 2 (A + B)

(D) 2BA

**4.** यदि $f(x) = \begin{cases} \dfrac{1-\sin^3 x}{3\cos^2 x}, & x \neq \dfrac{\pi}{2} \text{ के लिए} \\ k, & x = \dfrac{\pi}{2} \text{ के लिए} \end{cases}$

$x = \dfrac{\pi}{2}$ पर संतत है, तो k का मान है :

(A) $\dfrac{3}{2}$ (B) $\dfrac{1}{6}$

(C) $\dfrac{1}{2}$ (D) 1

**5.** माना वास्तविक x के लिए, $f(x) = x^3 + 5x + 1$ है, तो :

(A) f, R पर एकैकी है लेकिन आच्छादक नहीं है

(B) f, R पर आच्छादक है लेकिन एकैकी नहीं है

(C) f, R पर एकैकी और आच्छादक है

(D) f, R पर न तो एकैकी है और न ही आच्छादक

**6.** यदि एक रेखा के दिक्-कोसाइन $\lambda, \lambda, \lambda$ हैं, तो $\lambda$ बराबर है :

(A) $-\dfrac{1}{\sqrt{3}}$ (B) 1

(C) $\dfrac{1}{\sqrt{3}}$ (D) $\pm\dfrac{1}{\sqrt{3}}$

**7.** यदि $\begin{vmatrix} -1 & 2 & 4 \\ 1 & x & 1 \\ 0 & 3 & 3x \end{vmatrix} = -57$ है, तो x के सम्भव मानों का गुणनफल है :

(A) – 24 (B) – 16

(C) 16 (D) 24

**8.** आव्यूह $\begin{bmatrix} 0 & 1 & -2 \\ -1 & 0 & -7 \\ 2 & 7 & 0 \end{bmatrix}$ है एक :

(A) विकर्ण आव्यूह (B) सममित आव्यूह

(C) विषम सममित आव्यूह (D) अदिश आव्यूह

4. If $f(x) = \begin{cases} \dfrac{1-\sin^3 x}{3\cos^2 x}, & \text{for } x \neq \dfrac{\pi}{2} \\ k, & \text{for } x = \dfrac{\pi}{2} \end{cases}$

is continuous at $x = \dfrac{\pi}{2}$, then the value of k is :

(A) $\dfrac{3}{2}$ (B) $\dfrac{1}{6}$

(C) $\dfrac{1}{2}$ (D) 1

5. For real x, let $f(x) = x^3 + 5x + 1$. Then :

(A) f is one-one but not onto on R

(B) f is onto on R but not one-one

(C) f is one-one and onto on R

(D) f is neither one-one nor onto on R

6. If the direction cosines of a line are λ, λ, λ, then λ is equal to :

(A) $-\dfrac{1}{\sqrt{3}}$ (B) 1

(C) $\dfrac{1}{\sqrt{3}}$ (D) $\pm\dfrac{1}{\sqrt{3}}$

7. If $\begin{vmatrix} -1 & 2 & 4 \\ 1 & x & 1 \\ 0 & 3 & 3x \end{vmatrix} = -57$, the product of the possible values of x is :

(A) – 24 (B) – 16

(C) 16 (D) 24

8. The matrix $\begin{bmatrix} 0 & 1 & -2 \\ -1 & 0 & -7 \\ 2 & 7 & 0 \end{bmatrix}$ is a :

(A) diagonal matrix (B) symmetric matrix

(C) skew symmetric matrix (D) scalar matrix

**9.** यदि $f(x) = \begin{cases} 3x - 2, & 0 < x \leq 1 \\ 2x^2 + ax, & 1 < x < 2 \end{cases}$ $x \in (0, 2)$ में संतत है, तो a बराबर है :

(A) $-4$ (B) $-\frac{7}{2}$

(C) $-2$ (D) $-1$

**10.** यदि $f : N \to W$,

$$f(n) = \begin{cases} \frac{n}{2}, & \text{यदि } n \text{ सम है} \\ 0, & \text{यदि } n \text{ विषम है} \end{cases}$$

द्वारा परिभाषित है, तो f :

(A) केवल एकैकी है (B) केवल आच्छादी है

(C) एकैकी-आच्छादी है (D) न तो आच्छादी है और न ही एकैकी

**11.** यदि $f(x) = 2x + \cos x$ है, तो f(x) :

(A) का $x = \pi$ पर अधिकतम मान है (B) का $x = \pi$ पर न्यूनतम मान है

(C) एक वर्धमान फलन है (D) एक ह्रासमान फलन है

**12.** यदि $\Delta$ ABC की भुजाएँ AB तथा AC क्रमश: सदिशों $\hat{j} + \hat{k}$ तथा $3\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}$ द्वारा निरूपित हैं, तो A से BC पर खींची गई माध्यिका की लंबाई है :

(A) $2\sqrt{2}$ इकाई (B) $\sqrt{18}$ इकाई

(C) $\frac{\sqrt{34}}{2}$ इकाई (D) $\frac{\sqrt{48}}{2}$ इकाई

**13.** $f(x) = \begin{cases} x, & \text{यदि } x \leq 1 \\ 5, & \text{यदि } x > 1 \end{cases}$

द्वारा परिभाषित फलन f संतत ***नहीं*** है :

(A) $x = 0$ पर (B) $x = 1$ पर

(C) $x = 2$ पर (D) $x = 5$ पर

9. If $f(x) = \begin{cases} 3x - 2, & 0 < x \leq 1 \\ 2x^2 + ax, & 1 < x < 2 \end{cases}$ is continuous for $x \in (0, 2)$, then a is equal to :

(A) $-4$ (B) $-\frac{7}{2}$

(C) $-2$ (D) $-1$

10. If $f : N \to W$ is defined as

$$f(n) = \begin{cases} \frac{n}{2}, & \text{if n is even} \\ 0, & \text{if n is odd} \end{cases},$$

then f is :

(A) injective only (B) surjective only

(C) a bijection (D) neither surjective nor injective

11. If $f(x) = 2x + \cos x$, then f(x) :

(A) has a maxima at $x = \pi$ (B) has a minima at $x = \pi$

(C) is an increasing function (D) is a decreasing function

12. If the sides AB and AC of $\Delta$ ABC are represented by vectors $\hat{j} + \hat{k}$ and $3\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}$ respectively, then the length of the median through A on BC is :

(A) $2\sqrt{2}$ units (B) $\sqrt{18}$ units

(C) $\frac{\sqrt{34}}{2}$ units (D) $\frac{\sqrt{48}}{2}$ units

13. The function f defined by

$$f(x) = \begin{cases} x, & \text{if } x \leq 1 \\ 5, & \text{if } x > 1 \end{cases}$$

is ***not*** continuous at :

(A) $x = 0$ (B) $x = 1$

(C) $x = 2$ (D) $x = 5$

**14.** $\int e^{x} (\cos x - \sin x)\, dx$ बराबर है :

(A) $e^{x} \sin x + C$ (B) $- e^{x} \sin x + C$

(C) $- e^{x} \cos x + C$ (D) $e^{x} \cos x + C$

**15.** वक्र $y = \sqrt{x}$ , रेखाओं $x = 0$ तथा $x = 4$ तथा x-अक्ष से घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल है :

(A) $\frac{16}{9}$ वर्ग इकाई (B) $\frac{32}{9}$ वर्ग इकाई

(C) $\frac{16}{3}$ वर्ग इकाई (D) $\frac{32}{3}$ वर्ग इकाई

**16.** अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx} + y \tan x - \sec x = 0$ का समाकलन गुणक है :

(A) $- \cos x$ (B) $\sec x$

(C) $\log \sec x$ (D) $e^{\sec x}$

**17.** एक रैखिक प्रोग्रामन समस्या (LPP) के सुसंगत क्षेत्र के कोनीय बिंदु (0, 2), (3, 0), (6, 0), (6, 8) तथा (0, 5) हैं। यदि उद्देश्य फलन $Z = ax + by$; $(a, b > 0)$ का अधिकतम मान (0, 2) तथा (3, 0) पर प्राप्त होता है, तो a तथा b में संबंध है :

(A) $a = b$ (B) $a = 3b$

(C) $b = 6a$ (D) $3a = 2b$

**18.** $\int_{0}^{1} \frac{dx}{e^{x} + e^{-x}}$ का मान है :

(A) $-\frac{\pi}{4}$ (B) $\frac{\pi}{4}$

(C) $\tan^{-1} e - \frac{\pi}{4}$ (D) $\tan^{-1} e$

**14.** $\int e^x (\cos x - \sin x)\, dx$ is equal to :

(A) $e^x \sin x + C$ (B) $-e^x \sin x + C$

(C) $-e^x \cos x + C$ (D) $e^x \cos x + C$

**15.** The area of the region enclosed by the curve $y = \sqrt{x}$ and the lines $x = 0$ and $x = 4$ and x-axis is :

(A) $\frac{16}{9}$ sq. units (B) $\frac{32}{9}$ sq. units

(C) $\frac{16}{3}$ sq. units (D) $\frac{32}{3}$ sq. units

**16.** The integrating factor of the differential equation

$\frac{dy}{dx} + y \tan x - \sec x = 0$ is :

(A) $-\cos x$ (B) $\sec x$

(C) $\log \sec x$ (D) $e^{\sec x}$

**17.** The corner points of the feasible region of a Linear Programming Problem are (0, 2), (3, 0), (6, 0), (6, 8) and (0, 5). If $Z = ax + by$; $(a, b > 0)$ be the objective function, and maximum value of Z is obtained at (0, 2) and (3, 0), then the relation between a and b is :

(A) $a = b$ (B) $a = 3b$

(C) $b = 6a$ (D) $3a = 2b$

**18.** The value of $\int_0^1 \frac{dx}{e^x + e^{-x}}$ is :

(A) $-\frac{\pi}{4}$ (B) $\frac{\pi}{4}$

(C) $\tan^{-1} e - \frac{\pi}{4}$ (D) $\tan^{-1} e$

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं। दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए।*

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है।

**19.** *अभिकथन (A) :* यदि A तथा B दो ऐसी घटनाएँ हैं कि $P(A \cap B) = 0$ है, तो A तथा B स्वतंत्र घटनाएँ हैं।

*तर्क (R) :* दो घटनाएँ स्वतंत्र होती हैं यदि एक के घटने का दूसरे के घटने पर कोई प्रभाव न पड़े।

**20.** *अभिकथन (A) :* एक रैखिक प्रोग्रामन समस्या (LPP) में यदि सुसंगत क्षेत्र खाली है, तो रैखिक प्रोग्रामन समस्या (LPP) का कोई हल नहीं है।

*तर्क (R) :* सुसंगत क्षेत्र वह क्षेत्र है जिसमें सारे व्यवरोध संतुष्ट होते हैं।

## खण्ड ख

*इस खण्ड में अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के 5 प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 2 अंक हैं।*

**21.** आव्यूह तथा सारणिक के प्रयोग से, k के वे मान ज्ञात कीजिए जिनके लिए समीकरण युग्म $5x - ky = 2;\ 7x - 5y = 3$ का एक अद्वितीय हल है।

**22.** (क) $\sin^{-1}\left(\dfrac{x}{\sqrt{1+x^2}}\right)$ को सरलतम रूप में लिखिए।

**अथवा**

(ख) $\sin^{-1}\sqrt{x-1}$ का प्रांत ज्ञात कीजिए।

**23.** समाकलन के प्रयोग से, वक्र $\dfrac{x^2}{9} + \dfrac{y^2}{4} = 1$ तथा x-अक्ष के बीच घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल परिकलित कीजिए।

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled Assertion (A) and the other labelled Reason (R). Select the correct answer from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**19.** *Assertion (A) :* If A and B are two events such that $P(A \cap B) = 0$, then A and B are independent events.

*Reason (R) :* Two events are independent if the occurrence of one does not effect the occurrence of the other.

**20.** *Assertion (A) :* In a Linear Programming Problem, if the feasible region is empty, then the Linear Programming Problem has no solution.

*Reason (R) :* A feasible region is defined as the region that satisfies all the constraints.

## SECTION B

*This section comprises 5 Very Short Answer (VSA) type questions of 2 marks each.*

**21.** Using matrices and determinants, find the value(s) of k for which the pair of equations $5x - ky = 2;\ 7x - 5y = 3$ has a unique solution.

**22.** (a) Simplify $\sin^{-1}\left(\frac{x}{\sqrt{1+x^2}}\right)$.

**OR**

(b) Find domain of $\sin^{-1}\sqrt{x-1}$.

**23.** Calculate the area of the region bounded by the curve $\frac{x^2}{9} + \frac{y^2}{4} = 1$ and the x-axis using integration.

**24.** (क) 'a' का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए $f(x) = 2x^2 - ax + 3$; $[2, 4]$ पर एक वर्धमान फलन हो।

**अथवा**

(ख) यदि $f(x) = x + \frac{1}{x}$, $x \geq 1$ है, तो दर्शाइए कि f एक वर्धमान फलन है।

**25.** फलन $f(x) = \frac{8}{3}x^3 - 12x^2 + 18x + 5$ के स्थानीय उच्चतम तथा स्थानीय निम्नतम ज्ञात कीजिए।

## खण्ड ग

*इस खण्ड में लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के 6 प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं।*

**26.** (क) तीन बच्चों वाले परिवारों में लड़कों की संख्या का प्रायिकता बंटन ज्ञात कीजिए, यह मानते हुए कि लड़का व लड़की के होने की प्रायिकता समान है।

**अथवा**

(ख) एक सिक्का दो बार उछाला गया। माना एक यादृच्छिक चर X = चितों की संख्या – पटों की संख्या द्वारा परिभाषित किया गया है। X का प्रायिकता बंटन ज्ञात कीजिए तथा इसका माध्य भी ज्ञात कीजिए।

**27.** (क) यदि $f : R^+ \rightarrow R$, $f(x) = \log_a x$ ($a > 0$ तथा $a \neq 1$) द्वारा परिभाषित है, तो सिद्ध कीजिए कि f एक एकैकी-आच्छादक फलन है।

($R^+$ सभी धनात्मक वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है।)

**अथवा**

(ख) माना $A = \{1, 2, 3\}$ तथा $B = \{4, 5, 6\}$. A से B में एक संबंध R इस प्रकार परिभाषित है कि $R = \{(x, y) : x + y = 6, x \in A, y \in B\}$ है।

(i) R के सभी अवयव लिखिए।

(ii) क्या R एक फलन है ? सत्यापित कीजिए।

(iii) R का प्रांत व परिसर ज्ञात कीजिए।

**28.** ज्ञात कीजिए :

$$\int \frac{\cos x \, dx}{1 + \cos x + \sin x}$$

**24.** (a) Find the least value of 'a' so that $f(x) = 2x^2 - ax + 3$ is an increasing function on [2, 4].

**OR**

(b) If $f(x) = x + \frac{1}{x}$, $x \geq 1$, show that f is an increasing function.

**25.** Find the local maxima and local minima of the function $f(x) = \frac{8}{3}x^3 - 12x^2 + 18x + 5$.

## SECTION C

*This section comprises 6 Short Answer (SA) type questions of 3 marks each.*

**26.** (a) Find the probability distribution of the number of boys in families having three children, assuming equal probability for a boy and a girl.

**OR**

(b) A coin is tossed twice. Let X be a random variable defined as number of heads minus number of tails. Obtain the probability distribution of X and also find its mean.

**27.** (a) If $f : R^+ \rightarrow R$ is defined as $f(x) = \log_a x$ ($a > 0$ and $a \neq 1$), prove that f is a bijection.

($R^+$ is a set of all positive real numbers.)

**OR**

(b) Let A = {1, 2, 3} and B = {4, 5, 6}. A relation R from A to B is defined as $R = \{(x, y) : x + y = 6, x \in A, y \in B\}$.

(i) Write all elements of R.

(ii) Is R a function ? Justify.

(iii) Determine domain and range of R.

**28.** Find :

$$\int \frac{\cos x \, dx}{1 + \cos x + \sin x}$$

**29.** (क) एक सिक्के को उछालने के परीक्षण पर विचार कीजिए। यदि सिक्के पर चित प्रकट हो, तो सिक्के को पुन: उछालें; परन्तु यदि सिक्के पर पट प्रकट हो, तो एक पासे को फेंकें। यदि घटना B : 'कम-से-कम एक पट प्रकट होना' का घटित होना दिया गया है, तो घटना A : 'पासे पर 3 से बड़ी संख्या प्रकट होना' की सप्रतिबंध प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

(ख) एक यादृच्छिक चर X का प्रायिकता बंटन नीचे दिया है :

| X | 1 | 2 | 3 | $2\lambda$ | $3\lambda$ | $4\lambda$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| P(X) | $\frac{11}{30}$ | $\frac{1}{15}$ | $\frac{1}{10}$ | $\frac{3}{10}$ | $\frac{1}{15}$ | $\frac{1}{10}$ |

(i) यदि $E(X) = 3{\cdot}2$ है, तो $\lambda$ की गणना कीजिए। *2*

(ii) $P(X > 1)$ ज्ञात कीजिए। *1*

**30.** रेखाओं $\frac{x-1}{2} = \frac{y-2}{3} = \frac{z-3}{4}$ तथा $\frac{x-4}{5} = \frac{y-1}{2} = z$ के प्रतिच्छेदन बिंदु से बिंदु $(-1, -5, -10)$ की दूरी ज्ञात कीजिए।

**31.** निम्नलिखित रैखिक प्रोग्रामन समस्या का ग्राफीय हल ज्ञात कीजिए :

निम्न व्यवरोधों

$$x + 2y \geq 10$$
$$x + y \geq 6$$
$$3x + y \geq 8$$
$$x, y \geq 0$$

के अंतर्गत $Z = 3x + 5y$ का न्यूनतमीकरण करना।

## खण्ड घ

*इस खण्ड में 4 दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 5 अंक हैं।*

**32.** सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने के सापेक्ष पौधे की ऊँचाई (y सेमी) के बीच का संबंध समीकरण $y = 4x - \frac{1}{2}x^2$ द्वारा नियंत्रित होता है, जहाँ x सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने वाले दिनों की संख्या है।

(i) सूर्य के प्रकाश के सापेक्ष पौधे की वृद्धि दर ज्ञात कीजिए। *2*

(ii) कितने दिनों में पौधा अपनी अधिकतम ऊँचाई प्राप्त कर लेगा ? अधिकतम ऊँचाई कितनी है ? *3*

**29.** (a) Consider the experiment of tossing a coin. If the coin shows head, toss it again; but if it shows a tail, then throw a die. Find the conditional probability of the event A : 'the die shows a number greater than 3' given that B : 'there is at least one tail'.

**OR**

(b) The probability distribution of a random variable X is given as :

| X | 1 | 2 | 3 | $2\lambda$ | $3\lambda$ | $4\lambda$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| P(X) | $\frac{11}{30}$ | $\frac{1}{15}$ | $\frac{1}{10}$ | $\frac{3}{10}$ | $\frac{1}{15}$ | $\frac{1}{10}$ |

(i) Calculate $\lambda$, if $E(X) = 3 \cdot 2$. *2*

(ii) Find $P(X > 1)$. *1*

**30.** Find the distance of the point $(-1, -5, -10)$ from the point of intersection of the lines $\frac{x-1}{2} = \frac{y-2}{3} = \frac{z-3}{4}$ and $\frac{x-4}{5} = \frac{y-1}{2} = z$.

**31.** Solve the following Linear Programming Problem graphically :

Minimise $Z = 3x + 5y$

subject to the constraints

$x + 2y \geq 10$

$x + y \geq 6$

$3x + y \geq 8$

$x, y \geq 0$

## SECTION D

*This section comprises 4 Long Answer (LA) type questions of 5 marks each.*

**32.** The relation between the height of the plant (y cm) with respect to exposure to sunlight is governed by the equation $y = 4x - \frac{1}{2}x^2$, where x is the number of days exposed to sunlight.

(i) Find the rate of growth of the plant with respect to sunlight. *2*

(ii) In how many days will the plant attain its maximum height ? What is the maximum height ? *3*

**33.** यदि A एक $3 \times 3$ व्युत्क्रमणीय आव्यूह है, तो दर्शाइए कि किसी अदिश $k \neq 0$ के लिए $(kA)^{-1} = \frac{1}{k}A^{-1}$. अत: $(3A)^{-1}$ परिकलित कीजिए, जहाँ

$$A = \begin{bmatrix} 2 & -1 & 1 \\ -1 & 2 & -1 \\ 1 & -1 & 2 \end{bmatrix} \text{ है।}$$

**34.** (क) मान ज्ञात कीजिए :

$$\int_0^{\pi/4} \frac{\sin x \cos x}{\cos^4 x + \sin^4 x}\, dx$$

**अथवा**

(ख) ज्ञात कीजिए :

$$\int \frac{\sqrt{x^2+1}\left[\log(x^2+1) - 2\log x\right]}{x^2}\, dx$$

**35.** (क) दर्शाइए कि एक समांतर चतुर्भुज जिसके विकर्ण $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ द्वारा निरूपित हों, का क्षेत्रफल $\frac{1}{2}|\vec{a} \times \vec{b}|$ द्वारा प्रदत्त होता है। अत: उस समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके विकर्ण $2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$ तथा $\hat{i} + 3\hat{j} - \hat{k}$ द्वारा प्रदत्त हैं।

**अथवा**

(ख) एक रेखा का सदिश तथा कार्तीय समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिंदु (1, 2, – 4) से होकर जाती है तथा दोनों रेखाओं $\frac{x-8}{3} = \frac{y+19}{-16} = \frac{z-10}{7}$, तथा $\vec{r} = 15\hat{i} + 29\hat{j} + 5\hat{k} + \mu(3\hat{i} + 8\hat{j} - 5\hat{k})$ के लंबवत है।

**33.** If A is a 3 × 3 invertible matrix, show that for any scalar $k \neq 0$, $(kA)^{-1} = \frac{1}{k} A^{-1}$. Hence calculate $(3A)^{-1}$, where

$$A = \begin{bmatrix} 2 & -1 & 1 \\ -1 & 2 & -1 \\ 1 & -1 & 2 \end{bmatrix}.$$

**34.** (a) Evaluate :

$$\int_0^{\pi/4} \frac{\sin x \cos x}{\cos^4 x + \sin^4 x}\, dx$$

**OR**

(b) Find :

$$\int \frac{\sqrt{x^2+1}\left[\log(x^2+1) - 2\log x\right]}{x^2}\, dx$$

**35.** (a) Show that the area of a parallelogram whose diagonals are represented by $\vec{a}$ and $\vec{b}$ is given by $\frac{1}{2}|\vec{a} \times \vec{b}|$. Also find the area of a parallelogram whose diagonals are $2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$ and $\hat{i} + 3\hat{j} - \hat{k}$.

**OR**

(b) Find the equation of a line in vector and cartesian form which passes through the point (1, 2, – 4) and is perpendicular to the lines $\frac{x-8}{3} = \frac{y+19}{-16} = \frac{z-10}{7}$, and

$$\vec{r} = 15\hat{i} + 29\hat{j} + 5\hat{k} + \mu(3\hat{i} + 8\hat{j} - 5\hat{k}).$$

## खण्ड ङ

*इस खण्ड में 3 प्रकरण-अध्ययन आधारित प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं।*

### प्रकरण अध्ययन – 1

**36.** कुछ छात्रों को दशमलवों की तुलना करते समय एक ग़लत धारणा होती है। उदाहरण के लिए, कोई छात्र $78{\cdot}56 > 78{\cdot}9$ का उल्लेख कर सकता है क्योंकि $7856 > 789$ है। इस अवधारणा का आकलन करने के लिए, अध्यापक द्वारा कक्षा VI के विद्यार्थियों को दशमलव तुलना परीक्षण के लिए निम्नलिखित प्रश्न दिया गया :

हाल ही में स्कूल में आयोजित खेल दिवस में, 5 छात्रों ने भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने जितनी दूरी तक भाला फेंका है, वह नीचे की तालिका में दर्शाया गया है :

| छात्र का नाम | भाले की दूरी (मीटर में) |
|---|---|
| अजय | 47·7 |
| बिजॉय | 47·07 |
| कार्तिक | 43·09 |
| दिनेश | 43·9 |
| देवेश | 45·2 |

विद्यार्थियों से पूछा गया कि वे बताएँ कि भाला सबसे दूर किसने फेंका है।

इस परीक्षा के आधार पर अध्यापक ने यह परिणाम प्राप्त किया कि 40% विद्यार्थियों को दशमलवों की तुलना में ग़लत धारणा है तथा शेष विद्यार्थियों को यह ग़लत धारणा नहीं है। परीक्षा में जिन विद्यार्थियों को यह ग़लत धारणा है, उनमें से 80% विद्यार्थियों ने बिजॉय को सही उत्तर के रूप में दिया जबकि जिन विद्यार्थियों को यह ग़लत धारणा नहीं है, उनमें से 90% ने अपना उत्तर बिजॉय नहीं दिया।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) परीक्षा में एक विद्यार्थी जिसको यह ग़लत धारणा नहीं है, के बिजॉय, सही उत्तर के रूप में देने की प्रायिकता क्या है ? *1*

(ii) इसकी क्या प्रायिकता है कि एक यादृच्छया चुना गया विद्यार्थी, परीक्षा में उत्तर के रूप में बिजॉय लिखता है ? *1*

(iii) (क) एक विद्यार्थी जिसने बिजॉय उत्तर के रूप में दिया, की ग़लत धारणा होने की क्या प्रायिकता है ? *2*

**अथवा**

(iii) (ख) इसकी क्या प्रायिकता है कि एक विद्यार्थी जिसने अपना उत्तर बिजॉय दिया है, उन विद्यार्थियों में से है जिसे यह ग़लत धारणा नहीं है ? *2*

## SECTION E

*This section comprises 3 case study based questions of 4 marks each.*

### Case Study – 1

**36.** Some students are having a misconception while comparing decimals. For example, a student may mention that 78·56 > 78·9 as 7856 > 789. In order to assess this concept, a decimal comparison test was administered to the students of class VI through the following question : In the recently held Sports Day in the school, 5 students participated in a javelin throw competition. The distances to which they have thrown the javelin are shown below in the table :

| Name of student | Distance of javelin (in meters) |
|---|---|
| Ajay | 47·7 |
| Bijoy | 47·07 |
| Kartik | 43·09 |
| Dinesh | 43·9 |
| Devesh | 45·2 |

The students were asked to identify who has thrown the javelin the farthest.

Based on the test attempted by the students, the teacher concludes that 40% of the students have the misconception in the concept of decimal comparison and the rest do not have the misconception. 80% of the students having misconception answered Bijoy as the correct answer in the paper. 90% of the students who are identified with not having misconception, did not answer Bijoy as their answer.

On the basis of the above information, answer the following questions :

(i) What is the probability of a student not having misconception but still answers Bijoy in the test ? *1*

(ii) What is the probability that a randomly selected student answers Bijoy as his answer in the test ? *1*

(iii) (a) What is the probability that a student who answered as Bijoy is having misconception ? *2*

**OR**

(iii) (b) What is the probability that a student who answered as Bijoy is amongst students who do not have the misconception ? *2*

## प्रकरण अध्ययन – 2

**37.** एक इंजीनियर एक शहर में नया मेट्रो रेल नेटवर्क डिज़ाइन कर रहा है।




शुरू में, वह दो मेट्रो लाइनें A तथा B, विभिन्न स्टेशनों के लिए डिज़ाइन करता है। मेट्रो लाइन A का ट्रैक

$l_1 : \dfrac{x-2}{3} = \dfrac{y+1}{-2} = \dfrac{z-3}{4}$, जबकि लाइन B का ट्रैक

$l_2 : \dfrac{x-1}{2} = \dfrac{y-3}{1} = \dfrac{z+2}{-3}$ से निरूपित किया गया है।

उपर्युक्त सूचना पर आधारित, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) ज्ञात कीजिए कि क्या दो मेट्रो ट्रैक परस्पर समांतर हैं। *1*

(ii) मेट्रो स्टेशनों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जाने हैं। मेट्रो लाइन A के स्टेशनों की छतों पर, लाइन A के ट्रैक ($l_1$) के समांतर तथा बिंदु (1, – 2, – 3) से हो कर जाने वाले सौर पैनलों को निरूपित करने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए। *1*

(iii) (क) स्टेशनों को जोड़ने के लिए, दोनों मेट्रो लाइनों के लंबवत एक पैदल यात्री पथ बनाना है जो बिंदु (3, 2, 1) से हो कर जाए। इस पैदल यात्री पथ का समीकरण ज्ञात कीजिए। *2*

**अथवा**

(iii) (ख) लाइन A तथा लाइन B के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए। *2*

## Case Study – 2

**37.** An engineer is designing a new metro rail network in a city.




Initially, two metro lines, Line A and Line B, each consisting of multiple stations are designed. The track for Line A is represented by $l_1 : \frac{x-2}{3} = \frac{y+1}{-2} = \frac{z-3}{4}$, while the track for Line B is represented by $l_2 : \frac{x-1}{2} = \frac{y-3}{1} = \frac{z+2}{-3}$.

Based on the above information, answer the following questions :

(i) Find whether the two metro tracks are parallel. *1*

(ii) Solar panels are to be installed on the rooftop of the metro stations. Determine the equation of the line representing the placement of solar panels on the rooftop of Line A's stations, given that panels are to be positioned parallel to Line A's track ($l_1$) and pass through the point (1, – 2, – 3). *1*

(iii) (a) To connect the stations, a pedestrian pathway perpendicular to the two metro lines is to be constructed which passes through point (3, 2, 1). Determine the equation of the pedestrian walkway. *2*


**OR**

(iii) (b) Find the shortest distance between Line A and Line B. *2*

**प्रकरण अध्ययन – 3**

**38.** भारी गेमिंग सत्र के दौरान, एक छात्र के लैपटॉप प्रोसेसर का तापमान काफी बढ़ जाता है। सत्र के बाद में यह ठंडा होने लगता है तथा इसके ठंडा होने की दर, प्रोसेसर के तापमान तथा कमरे के तापमान (25°C) के अंतर के समानुपाती है। आरंभ में प्रोसेसर का तापमान 85°C है तथा ठंडा होने की दर समीकरण $\frac{d}{dt}(T(t)) = -k(T(t) - 25)$ द्वारा परिभाषित है,

जहाँ T(t), समय t (मिनट में) पर प्रोसेसर के तापमान को निरूपित करता है तथा k एक अचर है।



उपर्युक्त सूचना पर आधारित, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) प्रोसेसर के तापमान T(t) के लिए व्यंजक ज्ञात कीजिए जबकि दिया गया है कि $T(0) = 85°C$ है। *2*

(ii) प्रोसेसर के तापमान को 40°C तक आने में कितना समय लगेगा ? दिया गया है कि $k = 0{\cdot}03$, $\log_e 4 = 1{\cdot}3863$. *2*

## Case Study – 3

**38.** During a heavy gaming session, the temperature of a student's laptop processor increases significantly. After the session, the processor begins to cool down, and the rate of cooling is proportional to the difference between the processor's temperature and the room temperature (25°C). Initially the processor's temperature is 85°C. The rate of cooling is defined by the equation $\frac{d}{dt}(T(t)) = -k(T(t) - 25)$,

where T(t) represents the temperature of the processor at time t (in minutes) and k is a constant.



Based on the above information, answer the following questions :

(i) Find the expression for temperature of processor, T(t) given that $T(0) = 85°C$. *2*

(ii) How long will it take for the processor's temperature to reach 40°C ? Given that $k = 0{\cdot}03$, $\log_e 4 = 1{\cdot}3863$. *2*